# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज.)

**(श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय के पीछे, सीकर–332001)**

**टेलीफोन नं. 01572–272100, 273100, 273200 टेलीफेक्स 01572–273100**

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in, ई–मेलः reg.shekhauni@gmail.com


क्रमांक : 15064 दिनांक : 30.10.2019

प्राचार्य,

समस्त समबद्व राजकीय/निजी महाविद्यालय,

जिला – सीकर एवं झुन्झुंनू

विषय :– दिनांक 31.10.2019 सरदार श्री बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने बाबत

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तगर्त लेख है कि दिनांक 31.10.2019 को प्रात 11.00 बजे सरदार श्री बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाकर उक्त दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मे मनाया जाना सुनिश्चित करते हुए आप द्वारा की गई कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट इस विश्वविधालय को भिजवाना सुनिश्चित करे। शपथ पत्र की प्रतिलिपि सलगंन है।

कुलसचिव

संलग्नः– दस्तावेज सलगंन

क्रमांक : 15064 दिनांक : 30.10.2019

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं पालनार्थ :–

1. कुलपति सचिवालय
2. रक्षित पत्रावली।

कुलसचिव

अति – आ 1225

राजस्थान सरकार
कार्यालय जिला कलक्टर,सीकर

क्रमांक :– 4062 /सामान्य/2019 दिनांक 30 अक्टूबर, 2019

## आदेश

संयुक्त शासन सचिव, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान–जयपुर के पत्र क्रमांक प. 24(10)साप्र/2/2014 दिनांक 22.10.2019 (प्रति संलग्न) व इसके संलग्न माननीय गृह मंत्री ,गृह मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के पत्र दिनांक 07.10.2019 की अनुपालना में जिले में दिनांक **31 अक्टूबर, 2019 को "राष्ट्रीय एकता दिवस"** के रूप में मनाये जाने हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, सीकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि माननीय गृह मंत्री, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 07.10.2019 में दिये गये दिशा निर्देशानुसार संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर जिले में दिनांक 31 अक्टूबर, 2019 को सरदार श्री वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाया जाना सुनिश्चित करते हुए की गई कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें।

जिला मुख्यालय पर अवस्थित सभी कार्यालयों में वरिष्ठतम अधिकारी समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को दिनांक 31.10.2019 को प्रातः 11.00 बजे राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायेंगें। (शपथ प्रारूप संलग्न)

**संलग्न : उपरोक्तानुसार।**

(जय प्रकाश)
अति. जिला कलक्टर,सीकर

क्रमांक 4062–70 /सामान्य/2019 दिनांकः 30 अक्टूबर, 2019

**प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. जिला स्तरीय अधिकारी..........................................(समस्त)
2. उपखण्ड अधिकारी/तहसीलदार............................(समस्त)
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, सीकर
4. कार्यालय अधीक्षक, कलेक्ट्रेट, सीकर को प्रेषित कर लेख है कि दिनांक 31.10.2019 को प्रातः 11.00 बजे कलेक्ट्रेट, सभागार में "राष्ट्रीय एकता दिवस" की शपथ ग्रहण करने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में अवस्थित समस्त विभाग के समस्त अधिकारीयों/कर्मचारियों को उपस्थिति बाबत पाबंद/सूचित करना सुनिश्चित करें।
5. नाजिर कलेक्ट्रेट, सीकर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. निजी सहायक, जिला कलक्टर/अति0 जिला कलक्टर, सीकर

अति. जिला कलक्टर,सीकर

fwd. to Generation, ADM sir 1859 Gen 30/10/19

29923 24/10 OIC Gen (ADM) 23/X/19

राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–2) विभाग

क्रमांकः प.24(10)साप्र/2/2014 जयपुर, दिनांकः 22-10-2019

समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान।
पुलिस आयुक्त, जयपुर/जोधपुर।
समस्त महानिरीक्षक, पुलिस , राजस्थान।
समस्त पुलिस अधीक्षक, राजस्थान।

**विषयः– दिनांक 31.10.2019 सरदार श्री बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बनाने बाबत।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के कम में निर्देशानुसार श्री अमित शाह, माननीय मंत्री, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त पत्र अशा.पत्र सं. I–19034/04/2019–NI-II दिनांक 7.10.2019 तथा संयुक्त सचिव (आईएस–I), गृह मामलात, भारत सरकार, नई दिल्ली का समसंख्यक पत्र दिनांक 18.10.2019 जो दिनांक 31.10.2019 को सरदार श्री बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को **"राष्ट्रीय एकता दिवस"** के रूप में मनाने के संबंध में है, की प्रति संलग्न कर भिजवाई जा रही है। कृपया अपने जिले में समस्त अधीनस्थ विभागों को पूर्व की भांति उक्तानुसार कार्यवाही कराने हेतु अपने स्तर पर पालना सुनिश्चित करावें।

भवदीय,
22/10/19
(राजेन्द्र सिंह शेखावत)
संयुक्त शासन सचिव

**<u>प्रतिलिपि निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही एवं पालनार्थ प्रेषित हैः–</u>**

1. संयुक्त सचिव (आरवी), मुख्यमंत्री, राजस्थान को उनके पत्रांक : जेएस(आरवी)/सीएम/राज./होम/19/103738 के क्रम में।
2. वरिष्ठ शासन उप सचिव, कार्मिक (ख–3/सुरक्षा) विभाग, शासन सचिवालय को श्री अमित शाह, माननीय मंत्री, गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली तथा संयुक्त सचिव (आईएस–I), गृह मामलात, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त पत्रादि की छायाप्रति संलग्न कर पालनार्थ प्रेषित है।
3. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, जयपुर को श्री अमित शाह, माननीय मंत्री, गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली तथा संयुक्त सचिव (आईएस–I), गृह मामलात, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त पत्रादि की छायाप्रति संलग्न कर जयपुर में सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर पूर्व की भांति होर्डिंग का लगवाना सुनिश्चित करावें।

संयुक्त शासन सचिव

अमित शाह
AMIT SHAH

गृह मंत्री
भारत
HOME MINISTER
INDIA

D.O. No. I-19034/04/2019-NI-II
Date: 7th October, 2019

Dear Ashok Gehlot Ji,

The observance of Rashtriya Ekta Diwas or National Unity Day on 31st October serves to reinforce our commitment to strengthen the security, unity and integrity of our country. It not only commemorates the birth anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel, the architect of national integration of independent India, but also re-affirms the inherent strength and resilience of our people to withstand threats to the security, unity and integrity of the country.

The celebration of Rashtriya Ekta Diwas has a special significance this year, as it marks the completion of the task of making Jammu & Kashmir and Ladakh an integral part of India by abrogating Article 370. In a true sense, this represents the realisation of the dream of Sardar Patel for an integrated India.

It would be in the fitness of things, therefore, to undertake special events to mark the celebration of the National Unity Day. For the first time, The Rashtriya Ekta Diwas Parade, with participation from police forces across the country, is being organized on 31st October, 2019 at the Statue of Unity, Kevadiya, Gujarat, which will be held every year thereafter. I have already written to you on 27th September, 2019 regarding institution of the Sardar Patel National Unity Award, the highest civilian award in the field of national unity and integrity, and have requested you for sending nominations / recommendations for the same. I look forward to receiving them at an early date.

It would also be appropriate on this occasion to recognise the historical contribution of Sardar Patel, as the first Union Home Minister, in laying firm foundations of the Indian Police, giving it identity, character and direction. In order that his life and message may serve as an inspiration for the entire police force in the country, I am enclosing a copy of

Office : Ministry of Home Affairs, North Block, New Delhi-110001
Tel : 23092462, 23094686 Fax : 23094221

his photograph along with his message for upholding the security, unity and integrity of the country. I would request that his portrait along with his message may be displayed in all police stations and police offices of the country, to inspire people and police personnel alike.

Further, in keeping with the practice of past years, I request you to give appropriate directions and guidance for celebrating the National Unity Day on 31st October, 2019 in a befitting manner. The State Governments/ UT Administrations are expected to undertake suitable activities to observe the occasion, which may include the following:

a) A Pledge taking ceremony may be organized to mark the occasion; the text of the "Rashtriya Ekta Diwas Pledge" is enclosed.

b) A "Run for Unity" may also be organized at the State as well as District Headquarters, involving people from all sections of the society, so that a message of national unity permeates to every corner of the country.

c) A March Past may be organized in the evening of 31st October by the State Police and other uniformed forces and agencies to boost the sentiments of unity, integrity and security.

I would urge you to kindly ensure that the Rashtriya Ekta Diwas is celebrated with enthusiasm and fervour.

With regards,

Yours sincerely,

(Amit Shah)

Shri Ashok Gehlot,
Chief Minister of Rajasthan,
CM Office, Secretariat,
Jaipur.

- PSCM
- ACS, Home
- Secy. to Govt. GAD
- SS(ADH) / JS(GB) to CM

Encl. as above.

16/10/2019

284

मित शाह
MIT SHAH

गृह मंत्री
भारत
HOME MINISTER
INDIA

सत्यमेव जयते

अ.शा. पत्र सं. I-19034/04/2019-एन आई-II
दिनांक: 07 अक्तूबर, 2019

प्रिय अशोक गहलोत जी,

31 अक्तूबर, 2019 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का उद्देश्य, भारत की सुरक्षा, एकता और अखण्डता को मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करना है। यह दिवस न केवल स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने का अवसर प्रदान करता है बल्कि देश की सुरक्षा, एकता और अखण्डता के लिए खतरों से निपटने की हमारे देशवासियों की निहित शक्ति एवं सामर्थ्य की भी पुष्टि करता है।

इस वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि इस वर्ष जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख को धारा 370 हटाकर भारत का अभिन्न अंग बनाने का कार्य पूरा हुआ है, जिससे सही मायने में, सरदार पटेल के अखण्ड भारत का सपना साकार हुआ है।

इसलिए, राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करना अत्यंत उपयुक्त होगा। पहली बार, पूरे देश के पुलिस बलों की भागीदारी से दिनांक 31 अक्तूबर, 2019 को स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, केवडियां, गुजरात में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड आयोजित की जा रही है जो इसके बाद प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाएगी। मैंने राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ नागरिक सम्मान, सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता सम्मान शुरू करने के बारे में पहले ही दिनांक 27 सितम्बर, 2019 को पत्र लिखकर आपसे इसके लिए नामांकन/ सुझाव भेजने का अनुरोध किया है । मुझे आशा है कि शीघ्र ही आप अपने सुझाव हमें भेजेंगे।

भारतीय पुलिस की मजबूत नींव रखने, इसे सही पहचान, स्वरूप और दिशा प्रदान करने में प्रथम केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल के ऐतिहासिक योगदान को इस अवसर पर याद करना भी उपयुक्त होगा। उनका जीवन और संदेश देश के समस्त पुलिस बल के लिए प्रेरणा का काम करे, इसके लिए मैं देश की सुरक्षा, एकता और अखण्डता को बनाए रखने के संबंध में उनके संदेश के साथ उनके फोटो की एक प्रति संलग्न कर रहा हूं। मेरा अनुरोध है कि उनके फोटो और संदेश को देश के सभी पुलिस थानों और पुलिस कार्यालयों में प्रदर्शित करें ताकि आमजन और पुलिस कार्मिकों को समान रूप से प्रेरणा मिल सके।

Office : Ministry of Home Affairs, North Block, New Delhi-110001
Tel : 23092462, 23094686, Fax : [illegible]
E-mail : hm@nic.in

इसके अतिरिक्त, मेरा आपसे यह भी अनुरोध है कि विगत वर्षों की ही तरह दिनांक 31 अक्तूबर, 2019 को समुचित तरीके से राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के बारे में आप अबने प्रशासन को उचित निदेश दें और उनका मार्गदर्शन करें। राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से अपेक्षा है कि वे इस अवसर पर निम्नलिखित कार्यक्रमों के साथ-साथ अन्य समुचित कार्यक्रम भी आयोजित करें:

(क) राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण कार्यक्रम; ''राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ'' का पाठ संलग्न है।

(ख) राज्य एवम् जिला मुख्यालयों में ''रन फॉर यूनिटी'' का आयोजन जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों को शामिल किया जाए ताकि राष्ट्रीय एकता का संदेश देश के कोने-कोने तक पहुंचे।

(ग) एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों तथा एजेंसियों द्वारा 31 अक्तूबर की शाम में मार्च पास्ट का आयोजन।

मेरा आपसे अनुरोध है कि राष्ट्रीय एकता दिवस को उत्साह और उमंग से मनाए जाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

आपका,

(अमित शाह)

श्री अशोक गहलोत,
मुख्यमंत्री राजस्थान,
सीएम ऑफिस, सचिवालय,
जयपुर, 302005

संलग्नक : यथोपरि

## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

## RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.